# रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित

करनाल, 3 जुलाई (मुकेश): हैफेड के डी.एम. अमित कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि जरूरत पड़ने पर रक्त देने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। डी.एम. अमित कुमार अंतर्राष्ट्रीय को-ऑप्रेटिव वर्ष 2025 के तहत हैफेड के जिला कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक ऐसा कदम है जो किसी के जीवन को बचाने के साथ-साथ आपके खुद के स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचा सकता है। विश्व भर में 2025 को अंतर्राष्ट्रीय को-ऑप्रेटिव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस



*रक्तदाताओं को सर्टीफिकेट देते हैफेड डी.एम. अमित कुमार।* (पंकज)

रक्तदान शिविर में करीब 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

उन्होंने बताया कि हैफेड द्वारा 1 से 7 जुलाई तक को-ऑप्रेटिव सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर हैफेड के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग लिया।


BLOOD DONATION CAMP
ON
UNITED NATIONS INTERNATIONAL YEAR
OF COOPERATIVES 2025
ON 3rd JULY 2025
TIMING 09 TO 1:30 PM


BL
UNITED






BLOOD DONATION CAMP
ON




niKe




2025.07.04 10:40